बरेली, बुधवार
29 अक्टूबर, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

# दैनिक जागरण

PAGE NO : 06 MIDDLE

## एसआरएमएस व देहरादून स्ट्राइकर्स ने जीत से किया आगाज

जागरण संवाददाता, बरेली: श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी वुमिन क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले दिन मंगलवार को एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी व देहरादून स्ट्राइकर्स की टीमों ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर टूर्नामेंट का रोमांच बढ़ा दिया। बुधवार को दिल्ली दबंग का मुकाबला देहरादून स्ट्राइकर्स से व एसआरएमएस का सामना हल्द्वानी क्वींस से होगा।

एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज स्थित श्रीराम मूर्ति क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे मुकाबले में एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी ने दिल्ली दबंग को 62 रन से हराया। एसआरएमएस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में चार विकेट पर 153 रन बनाए। टीम की ओर से मुस्कान ने 54 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से 61 रन की धमाकेदार पारी खेली। उनके अलावा मीनाक्षी यादव ने 24 और गुंजन ने 25 रन जोड़े। दिल्ली दबंग की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर केवल 91 रन ही बना सकी। भूमिका ने 16, नेहा ने 27 और लक्ष्मी ने 19 रन बनाए। एसआरएमएस की गेंदबाजी के आगे दिल्ली के बल्लेबाज टिक नहीं सके। मुस्कान को शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर आफ द मैच चुना गया।




एसआरएमएस में मैच के दौरान शाट खेलतीं बल्लेबाज • सौ. आयोजक

दूसरे मुकाबले में देहरादून स्ट्राइकर्स ने हल्द्वानी क्वींस को आठ रन से पराजित किया। देहरादून ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 132 रन बनाए, जिसमें नीलम बिष्ट ने 41 गेंदों पर सात चौके और दो छक्कों की मदद से 51 रन बनाए। जवाब में हल्द्वानी की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 124 रन ही बना सकी। नीलम बिष्ट ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट झटके और एक रन आउट में भी योगदान दिया। उन्हें अच्छे प्रदर्शन के लिए प्लेयर आफ द मैच मिला।

### अंडर-16 क्रिकेट जोन में बरेली से तीन खिलाड़ियों का चयन

जासं, बरेली : अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए जिले के तीन खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जिसमें विधान गंगवार, विधान पांडेय और हर्षित को चुना गया है। चयनित खिलाड़ी बुधवार को नालंदा क्रिकेट अकादमी गाजियाबाद में रिपोर्ट करेंगे। खिलाड़ियों के चयन पर बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव कर्नल सीताराम सक्सेना, वरिष्ठ संयुक्त सचिव ओपी कोहली ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।